# राजस्थान पशुचिकित्सा और पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, बीकानेर

क्रमांकः राजुवास/बीवीएससी एण्ड एएच प्रवेश/2021–22/3272 दिनांक 04.02.2022

**RPVT-2021 ऑनलाईन काउंसलिंग रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया में नये महाविद्यालयों में प्रवेश की अनुमति के क्रम में**

राजस्थान पशुचिकित्सा और पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, बीकानेर द्वारा पूर्व में जारी विज्ञप्ति क्रमांक 3256 दिनांक 15.12.2021, क्रमांक 3259 दिनांक 30.12.2021 एवं क्रमांक 3265 दिनांक 15.01.2022 के क्रम में RPVT-2021 परीक्षा में प्रविष्ट सभी प्रवेश योग्य अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि BVSc&AH पाठ्यक्रम (सत्र 2021–22) में विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महात्मा गांधी वेटरनरी कॉलेज, भरतपुर एवं आर. आर. कॉलेज ऑफ वेटरनरी एण्ड ऐनिमल साइंस, देवली, जिला–टोंक को भी प्रवेश हेतु अनुमति प्रदान की गई है। अतः सम्बन्धित अभ्यर्थी, यदि चाहे तो, विश्वविद्यालय की उपरोक्त वर्णित विज्ञप्तियों के क्रम में अपने पूर्व में भरे गये ऑनलाईन काउंसलिंग रजिस्ट्रेशन फॉर्म में इन नये महाविद्यालयों की प्राथमिकता को सम्मिलित करते हुए अपनी कॉलेज प्राथमिकता क्रम को नये सिरे से भर कर उसे दोबारा विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर सबमिट कर सकते है। इसी प्रकार नये अभ्यर्थी अपनी कॉलेज एवं सीट प्रकार की प्राथमिकता भरकर अपने ऑनलाईन काउंसलिंग रजिस्ट्रेशन फॉर्म को विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर सबमिट कर सकते है। इस प्रक्रिया की पूर्व निर्धारित अंतिम तिथि 10.02.2022 मध्यरात्रि 12 बजे तक ही रहेगी। इस सम्बन्ध में अन्य सभी विवरण पूर्वानुसार रहेगा जो कि विश्वविद्यालय की वेबसाईट www.rajuvas.org पर उपलब्ध है।

चेयरमैन, केन्द्रीय स्नातक प्रवेश मण्डल